Travellers Aid

ट्रैवलर्स एड सेवाओं के लिए आपकी आसान मार्गदर्शिका

यात्रियों के लिए यहां

100 वर्षों से भी अधिक समय से ट्रैवलर्स एड लोगों को वहां पहुंचने में सहायता कर रही है जहां उन्हें होने की आवश्यकता है। अग्रणी महिलाओं के एक समूह द्वारा शुरू किया गया जो मानती थीं कि शहर में यात्रा करते समय हर किसी को सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है।

आज हम सेवाओं की एक व्यापक श्रंखला की पेशकश करते हैं जो आपको अपने समुदाय में सुरक्षित और स्वतंत्र रूप से जुड़ने, संलग्न होने और भागीदारी करने देती हैं।

travellersaid.org.au

सेवाएं	पृष्ठ
बग्गी ट्रांसफर सेवा	2
सहचर सेवा	2
व्यक्तिगत देखभाल	3
भाड़े पर आवागमन के उपकरण (मोबिलिटी इक्विपमेंट)	4
संकटकालीन यात्रा	5
यात्री सहायता लाउंज	5
प्रशिक्षण सेवाएं	6

ट्रैवलर्स एड हर उस व्यक्ति को गर्व से गैर-लाभकारी सेवाएं प्रदान करती है जिन्हें उनकी जरूरत है। इन सेवाओं का प्रावधान हमारे सहयोगकर्ताओं, स्वयंसेवकों और दानदाताओं की दया और सहृदयता द्वारा संभव हुआ है।

यदि आप ट्रैवलर्स एड स्वयंसेवक बनना चाहते हैं तो कृपया हमसे 03 9654 2600 पर या पर संपर्क करें।

बग्गी ट्रांसफर सेवा

ट्रैवलर्स एड रीजनल विक्टोरिया में सदर्न क्रॉस स्टेशन मेलबर्न और सेमोर स्टेशन पर साल भर बग्गी सेवाओं का संचालन करती है इसके साथ ही MCG में प्रमुख आयोजनों के दौरान रिचमंड स्टेशन और जोलीमोंट स्टेशन के पास अतिरिक्त सेवाओं का संचालन होता है। ट्रैवलर्स एड बग्गी सेवा किसी भी सीमित आवागमन क्षमता वाले व्यक्ति के लिए निशुल्क उपलब्ध है।

अपनी बग्गी ट्रांसफर सेवा बुक करने के लिए www.travellersaid.org.au पर जाएं या कॉल करें:
सदर्न क्रॉस: (03) 9670 2072
सेमोर: (03) 5793 6210

सहचर सेवा

ट्रैवलर्स एड सहचर सेवा एक निशुल्क सेवा है जो हर उस व्यक्ति के लिए उपलब्ध है जो मेलबर्न, सेमोर और आसपास के इलाकों के लिए, वहां से या उनके भीतर यात्रा कर रहा है। यदि आप कोई आवश्यक अपॉइंटमेंट में भाग ले रहे हैं तो हम आपको प्रशिक्षित स्वयंसेवक उपलब्ध करा सकते हैं जो आपको पूरे रास्ते में सहायता करेगा।

हमारा सहचर आपको सदर्न क्रॉस, फ्लिंडर्स स्ट्रीट या सेमोर स्टेशनों पर मिलेगा और आपके अपॉइंटमेंट या आयोजन तक आपका साथ देगा। यदि आवश्यकता होगी तो, स्वंयसेवक आपको फिर से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते हुए वापस मीटिंग स्थल पर साथ देने के लिए इंतजार कर सकते हैं।

बुक करने के लिए बस हमें 1300 700 399 पर कॉल करें या travellersaid.org.au पर ऑनलाइन बुक करें

व्यक्तिगत देखभाल

ट्रैवलर्स एड व्यक्तिगत देखभाल सेवा स्थायी विकलांगता, अस्थायी अक्षमता वाले लोगों या उन लोगों की सहायता करती है जो बुजुर्ग हैं और जिन्हें मेलबर्न में या उसके आसपास यात्रा करते समय सहायता की आवश्यकता है।

हमारे योग्य ग्राहक सहायता अधिकारी (CSOs) देखभालकर्ता विकलांग व्यक्तियों की भोजन के समय सहयोग में, संवाद की समस्याओं में और/या व्यक्तिगत शौचालय में सहायता कर सकते हैं जब वे किसी देखभालकर्ता या उसके बगैर यात्रा करते हैं। आवागमन उपकरण के उपयोगकर्ता चार्जिंग पॉइंट तक भी पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। TAAS फ्लिंडर्स स्ट्रीट स्टेशन और सदर्न क्रॉस स्टेशन पर हमारे साइट लाउंज पर उपलब्ध है।

ट्रैवलर्स एड व्यक्तिगत देखभाल सेवा निशुल्क है और किसी संदर्भ या बुकिंग की आवश्यकता नहीं है।

भाड़े पर आवागमन के उपकरण

ट्रैवलर्स एड आवागमन के उपकरण भाड़े पर लेने की व्यापक श्रंखला की पेशकश करती है, जो मेलबर्न में सदर्न क्रॉस स्टेशन और फ्लिंडर्स स्ट्रीट स्टेशनों पर हमारी सर्विस साइटों पर उपलब्ध है। आइटमों को 4 घंटों जितने न्यूनतम से लेकर 4 सप्ताह तक भाड़े पर लिया जा सकता है।

भाड़े पर आवागमन के उपकरण की हमारी श्रंखला में शामिल हैं
मैन्युअल व्हीवलचेयर
इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर
मोबिलिटी स्कूटर (सिंगल और डबल)
बाहों की बैसाखी और चलने की छड़ी
चलने की छड़ी और चलने के फ्रेम (वाकिंग केन और वाकिंग फ्रेम)
प्रैम और स्ट्रोलर (बच्चा गाड़ी)

अपने आवागमन के उपकरण बुक करने के लिए कृपया travellersaid.org.au पर जाएं।

ट्रैवलर्स एड लाउंज

स्तनपान कराने के लिए या फिर शॉवर लेने या झपकी लेने के लिए सुविधाजनक स्थान चाहिए?

ट्रैवलर्स एड बच्चों के कपड़े बदलने और बोतल गर्म करने की सुविधाएं, बहुत कम कीमत पर सोने के लिए कमरे और शॉवर, स्तनपान कराने के लिए निजी स्थान और बहुत कम किराये पर प्रैम और स्ट्रोलर प्रदान करती है।

आप सदर्न क्रॉस और फ्लिंडर्स स्ट्रीट दोनों ही स्टेशनों पर बच्चों के कपड़े बदलने की सुविधाएं, परिवार के अनुकूल आराम करने की जगह, बोतल गर्म करने की सुविधाएं और भाड़े पर उपकरण प्राप्त कर सकते हैं। शॉवर और सोने के लिए कमरे केवल सदर्न क्रॉस स्टेशन पर उपलब्ध हैं।

उसी दिन के लिए सामान भंडारण

क्या आप शहर को एक्सप्लोर करते समय अपने बैग को सुरक्षित रखने का कोई स्थान ढूंढ रहे हैं?

फ्लिंडर्स स्ट्रीट स्टेशन के भीतर हमारा ट्रैवलर्स एड लाउंज प्रतियोगी दरों पर उसी दिन के लिए सामान भंडारण की पेशकश करता है।

संकटकालीन यात्रा

ट्रैवलर्स एड संकटकालीन यात्रा कार्यक्रम हमारी सदर्न क्रॉस स्टेशन साइट से उपलब्ध है और लोगों को विक्टोरिया के भीतर उन लोगों को सार्वजनिक परिवहन के किराए में मदद करता है जिन्हें अप्रत्याशित आपात स्थिति की वजह से यात्रा सहायता चाहिए।

आप पात्र हैं या नहीं इसे जानने के लिए 03 9670 2072 पर कॉल करें या scs@travellersaid.org.au पर कॉल करें



प्रशिक्षण सेवाएं

सामुदायिक शिक्षा

ट्रैवलर्स एड सेवाओं और इस बारे में सब कुछ जानें और हम किस प्रकार आप, आपके परिवार, मित्रों या ग्राहकों की सहायता कर सकते हैं।

हमारी सामुदायिक शिक्षा प्रस्तुतियां सामुदायिक समूहों को हमारी सेवाओं के सेट और उन तक पहुंचने के तरीके के बारे में आपको शिक्षित करने के लिए डिजाइन की गई हैं।

निशुल्क सामुदायिक शिक्षा सत्र के विषयों में शामिल हैं:
ट्रैवलर्स एड का इतिहास और हम आपकी सहायता कैसे कर सकते हैं
सेवाओं के स्थान
परिचालन के घंटे
प्रत्येक स्थान पर पेश की जाने वाली सेवाएं
प्रतिभागियों की ओर से प्रश्न और उत्तर

समूह यात्रा प्रशिक्षण

मेलबर्न और क्षेत्रीय विक्टोरिया में सुरक्षित रूप से और आत्मविश्वास के साथ सार्वजनिक परिवहन तक पहुंचने के बारे में जानें।

हमारा समूह यात्रा प्रशिक्षण एक निशुल्क प्रशिक्षण पैकेज है जो सामुदायिक समूहों के लिए उपलब्ध है। यह विक्टोरियन लोगों को यात्रा की जानकारी प्रदान करके उन्हें चलायमान रखने के लिए डिजाइन किया गया है ताकि वे यात्रा करते समय आत्मविश्वास से भरपूर और सुरक्षित महसूस करें।

प्रशिक्षण सत्र आपके समूह की जरूरतों के अनुरूप बनाया गया है और विषयों में शामिल हो सकते हैं:
ट्रैवलर्स एड सेवाएं
क्षेत्रीय यात्रा पास और myki
रियायती यात्रा
सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा
सुलभ परिवहन
सार्वजनिक परिवहन वेबसाइटें और ऐप्स
सार्वजनिक परिवहन पर उपलब्ध आवागमन के उपकरणों का उपयोग और सहयोग करना
परिवहन प्राधिकरण सहयोग कर्मी
अधिक जानकारी

सत्रों में लगभग एक घंटा लगता है और उसे किसी समूह के सामान्य बैठक स्थान पर आयोजित किया जा सकता है। हम आपके पास आ सकते हैं या तो सदर्न क्रॉस स्टेशन या फ्लिंडर्स स्ट्रीट स्टेशन पर छोटे समूहों के लिए आपको औपचारिक प्रस्तुति प्रदान कर सकते हैं।

बुकिंग आवश्यक है और कृपया एक माह की अग्रिम सूचना दें।

अधिक जानकारी के लिए या बुकिंग करने के लिए कृपया हमसे (03) 9654 2600 पर संपर्क करें।

विकलांगता जागरूकता प्रशिक्षण

विलियम एंग्लिस इंस्टीट्यूट के संयोजन में ट्रैवलर्स एड ने व्यवसाय मालिकों और उनके फ्रंटलाइन स्टाफ के लिए एक परस्पर संवादात्मक ऑनलाइन विकलांगता जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किया है। प्रशिक्षण को स्टाफ को हर उस व्यक्ति के साथ संवाद करने का आत्मविश्वास देने के लिए डिजाइन किया गया है जिसको कोई विकलांगता है, चाहे वह कार्यस्थल पर हो या रोजमर्रा के जीवन में। इस प्रशिक्षण को लेने वाले प्रतिभागी इन बातों के लिए आत्मविश्वास हासिल करेंगे:

- किसी विकलांगता वाले लोगों के साथ बातचीत करने और उनकी सहायता करना
- न्यायोचित, सुसंगत और व्यक्ति-केंद्रित ग्राहक सेवा की कार्यस्थल आपूर्ति में सुधार करना
- ऐसा नेतृत्व प्रदान करना जो सेवा की आपूर्ति में सकारात्मक व्यवहारात्मक अनुकूलन को प्रोत्साहित करता है
- सेवा प्रदाताओं के व्यवसाय स्थान में उचित समायोजन करने के लिए उनकी कानूनी जिम्मेदारियों को समझना

लागत: $60 प्रति प्रतिभागी
अधिक जानकारी के लिए www.dat.org.au पर जाएं

दान फॉर्म

आज आपका उपहार अन्य जरूरतमंद यात्रियों की मदद करेगा

हम अपनी अधिकांश सेवाएं प्रदान करने के लिए दान पर निर्भर हैं। आपका दान हमें ऐसे नए कार्यक्रम विकसित करने में मदद करेगा जो उन लोगों को सक्षम बनाते हैं जिन्हें अन्यथा अपने समुदाय में जुड़ने, संलग्न होने और भागीदारी करने में शायद संघर्ष करना पड़े। $2 या अधिक के दान कर कटौती योग्य हैं।

मेरा दान: $ _____ ☐ एक बार का दान

☐ MasterCard ☐ Visa ☐ नियमित दान

☐ चेक अथवा मनी ऑर्डर संलग्न

क्रेडिट कार्ड नंबर:

☐☐☐☐ ☐☐☐☐ ☐☐☐☐ ☐☐☐☐

समाप्ति: _____ / _____ CVV: _____

आपके कार्ड के पीछे के नंबर के अंतिम 3 अंक

कार्ड पर नाम: _____

हस्ताक्षर: _____

आपका विवरण:

श्री/श्रीमती/सुश्री/कुमारी/डॉ./रेव: _____

प्रथम नाम: _____

अंतिम नाम: _____

पता: _____

_____

उपनगर/कस्बा: _____

राज्य: _____ पोस्ट कोड: _____

ईमेल: _____

कृपया इस फॉर्म को निम्न पते पर डाक शुल्क की छूट के साथ लौटाएं: प्रत्युत्तर भुगतानयुक्त 87141, ट्रैवलर्स एड ऑस्ट्रेलिया, L3, 225 बोर्के स्ट्रीट, मेलबर्न VIC 3000 (Reply paid 87141, Travellers Aid Australia, L3, 225 Bourke Street, Melbourne VIC 3000)

www.travellersaid.org.au/donate पर ऑनलाइन दान करें

पारंपरिक मालिकों को स्वीकार करना

ट्रैवलर्स एड कुलिन राष्ट्र के Wurundjeri और Boonwurrung लोगों के पूर्वजों की धरती को स्वीकार करती है। हम अतीत और वर्तमान में बुजुर्गों का सम्मान करते हैं और धरती और इसके उस भाव को स्वीकार करते हैं जो हम सभी को बांधती है।

ट्रैवलर्स एड स्थान

सदर्न क्रॉस स्टेशन
बोर्के स्ट्रीट ब्रिज के नीचे लगेज हॉल के सामने

T: (03) 9670 2072

E: scs@travellersaid.org.au

H: 6:30 बजे प्रातः - 09:30 बजे सायं | प्रति सप्ताह 7 दिन

सीमोर स्टेशन

T: (03) 5793 6210

E: seymour@travellersaid.org.au

H: 8:30 बजे प्रातः - 6:30 बजे सायं | सोमवार - शुक्रवार

फ्लिंडर्स स्ट्रीट स्टेशन
प्लेटफॉर्म 9 एवं 10 के बीच मुख्य स्टेशन हॉल में

T: (03) 9068 8187

E: fss@travellersaid.org.au

H: 8:00 बजे प्रातः - 8:00 बजे सायं | सप्ताह में 7 दिन

सिटी विलेज (प्रशासन)
लेवल 3, 225 बोर्के स्ट्रीट, मेलबर्न

T: (03) 9654 2600

F: (03) 9654 1926

E: info@travellersaid.org.au

Travellers Aid